>

Title: Need to declare Teli, Gop and Maira Castes of Jharkhand as extremely backward castes.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय : सभापति महोदय, देश में, खासकर के झारखंड में कई ऐसी जातियां हैं, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी रोजी-रोटी की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। केन्द्र और राज्य सरकारों को ऐसी जातियों के सामाजिक स्तर की नियमित समीक्षा करनी चाहिए और सरकार को इस पर चिन्तन करना चाहिए। महोदय, कुछ लोग तो सरकारी सहायता से ऊपर उठ जाते हैं, परन्तु अधिकांश जातियों को सरकारी रियायतों का लाभ नहीं मिल पाता है, क्योंकि उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति की नियमित समीक्षा नहीं हो पाती है। आज झारखंड में तेली, गोप और मैरा जाति के जो लोग हैं, उनका पलायन हो रहा है। इसलिए मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि इन जातियों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति की नियमित समीक्षा हो और झारखंड में तेली, गोप और मैरा जाति को अत्यन्त पिछड़ी जाति में शामिल करने की व्यवस्था की जाए।